# मुख्यमंत्री सचिवालय

## प्रेस विज्ञप्ति

**रांची,दिनांक: 22/07/2026**

**मुख्यमंत्री सचिवालय**
**प्रेस विज्ञप्ति --266/2026**
**22 जुलाई 2026**
**झारखंड मंत्रालय, रांची**
**==========================**

**⚫ झारखंड के पुरस्कार-विजेता फिल्मकारों ने आज मुख्यमंत्री से की मुलाकात।**
**==========================**



झारखंड के युवा पुरस्कार-विजेता फिल्मकार श्री बीजू टोप्पो, श्री सेराल मुर्मू, श्री निरंजन कुजूर, श्री रवि राज मुर्मू, श्री अनुज कुमार और श्री मानसिंह बास्के ने आज झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से

शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने फिल्म क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह झारखंड के लिए गौरव की बात है कि राज्य के कलाकार, निर्देशक और फिल्मकार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड से फिल्म निर्माण के क्षेत्र में लगातार उल्लेखनीय उपलब्धियां सामने आ रही हैं, जो राज्य की सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत कर रही हैं। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने आश्वस्त किया कि आने वाले दिनों में झारखंड राज्य को फिल्म विकास (फिल्म डेवलपमेंट) के क्षेत्र में और आगे ले जाने के लिए राज्य सरकार हरसंभव सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि फिल्म निर्माण, शूटिंग, तकनीकी प्रशिक्षण तथा स्थानीय प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने की दिशा में सकारात्मक पहल की जाएगी। इस अवसर पर उपस्थित फिल्मकारों ने अपनी फिल्मों, निर्देशकीय उपलब्धियों और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों के बारे में बताया। इन सभी ने झारखंड की जनजातीय, सामाजिक और सांस्कृतिक विषयवस्तु पर आधारित फिल्मों के जरिए व्यापक पहचान बनाई है।

**मौके पर फिल्मकारों ने मुख्यमंत्री को राज्य में फिल्म निर्माण को बढ़ावा देने, स्थानीय कलाकारों को मंच उपलब्ध कराने तथा झारखंड को एक उभरते फिल्म-गंतव्य के रूप में विकसित करने के संबंध में अपने सुझाव भी साझा किए।मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की कला, संस्कृति और जनजातीय विरासत अत्यंत समृद्ध है, और फिल्म माध्यम के जरिए इसे देश-दुनिया तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकता है।**

**=========================**

**#Team PRD(CMO)**